Edit with WPS Office

पाठ - 5

प्रतिभा की पहचान

विधा - वार्ता

शब्दार्थ कॉपी कार्य

तत्व ज्ञानी - दर्शन शास्त्र को जानने वाला

नज़र - दृष्टि

गटठर - किसी वस्तु को एक जगह इकट्ठा करके बाँधना

गुजरना - वहाँ से निकलना

उत्सुकता - प्रबल इच्छा

भरण - पोषण - जीविका (पेट पालना)

रोज़ - प्रतिदिन

विख्यात - प्रसिद्ध

कलात्मक - कलाकारी रूप में

लगन - मन से

दार्शनिक - दर्शन शास्त्र का ज्ञाता

व्याख्यान

प्रतिभा का अर्थ है, विलक्षण बौद्धिक शक्ति। वाले बालक की पहचान यूनान देश के महान दार्शनिक डेमोक्रीट्स ने की थी। किस घटना से उन्होंने बालक की प्रतिभा को पहचाना, यही वृतांत हमलोग इस पाठ मे पढ़ेगे. ।

सोचो और बताओ कॉपी कार्य

(क)छोटा - सा बालक बचपन में क्या करता था?

(उ.) छोटा-सा बालक बचपन में जंगल में जाकर लडकियाँ काटता था फिर उनके गट्ठर बनाकर बाज़ार में ले जाकर बेच दिया करता था।

(ख)वह बालक बाज़ार क्यों जाता था?

(उ.)वह बालक बाज़ार में लकडियॉ बेचने जाता था।

(ग)वह गट्रठर कैसे बाँधता था?

(उ.) वह गट्रठर को बड़े कलात्मक ढंग से बाँधता था।

Edit with WPS Office

(घ)डेमोक्रीट्स बालक से कैसे प्रभावित हुई?

(उ.)डेमोक्रीट्स ने कलात्मक ढंग से बँधे हुए लकड़ी के गट्ठर को देखकर बालक से पूछा, "क्या तुम दोबारा इसे खोलकर बाँध सकते हो?" बालक ने कहा, "क्यों नहीं!" और वह पुनः लकड़ियों के गट्ठर को खोलकर बाँधने लगा। इस छोटे से काम मे बालक की लगन देखकर दार्शनिक डेमोक्रिट्स बहुत प्रभावित हुए।

(ङ)डेमोक्रीट्स ने बालक की प्रगति मे कैसे सहायता की?

(उ.) डेमोक्रीट्स ने बालक को ऊँची शिक्षा ग्रहण करने मे पूरी सहायता की।

निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर दो कॉपी कार्य

(क)यह घटना किस देश से संबंधित है?

(उ.)यह घटना यूनान देश से संबधित है।

(ख)बालक की लगन ने किसको प्रभावित किया और क्यों?

(उ.)बालक की लगन ने यूनान देश के महान दार्शनिक डेमोक्रीट्स को प्रभावित किया डेमोक्रीट्स ने देखा कि जब यह बालक इस छोटे से काम को इतनी लगन और कलात्मक ढंग से कर रहा है तो निश्चय ही यह बालक बड़े से बड़े काम को भी इसी तल्लीनता से करेगा।

(ग)बालक को अपने साथ चलने को किसने कहा?

(उ.)बालक को अपने साथ चलने के लिए यूनान के महान दार्शनिक डेमोक्रीट्स ने कहा।

(घ)यूनान का तत्व ज्ञानी किसे बताया गया है?

(उ.) यूनान का तत्व ज्ञानी महान दार्शनिक डेमोक्रीट्स को बताया गया है।